राज्यपाल सचिवालय,

राजभवन, जयपुर

विश्व पर्यटन दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 26 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यटन दिवस पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश में कहां है कि "पर्यटन श्रम प्रधान उद्योग है। सामाजिक व आर्थिक समस्याओं के निराकरण के साथ देश की एकता, परंपरा, संस्कृति और प्राकृतिक वातावरण को बनाए रखने में पर्यटन उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है । " राज्यपाल ने कहां है कि " राजस्थान प्राचीन सभ्यताओं का केंद्र है । यहां की सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प, लोक कलाएं, कला व संस्कृति की पहचान विश्व स्तर पर पहुंची है। "

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि " कोविड- 19 के दौर में पर्यटन व्यवसाय को बहुत नुकसान हुआ। लॉकडाउन के दौरान पर्यटन स्थल बंद रहे। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र दोबारा से लोगों के लिए खोले जा रहे हैं। "

श्री मिश्र ने कहा कि " राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है । यहां का प्राकृतिक वैभव , किले आदि ऐतिहासिक स्थल पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल श्री मिश्र ने पर्यटन क्षेत्र की नई शुरुआत की सफलता के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। "

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल,राजस्थान
9829271189